■ वर्ष-46 ■ अंक-218 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रू. ■ नगर संस्करण | भोपाल, बुधवार 5 जुलाई 2023 | RNI/39534/81 MP/BHOPAL/4-102/2022-23

दैनिक सतपुड़ा वाणी
निष्पक्ष एवं निर्भीक समाचार
www.stpv.live
संस्थापक : स्व. ज्ञान प्रकाश बाली
satpuravani@yahoo.co.in

**ऐतिहासिक शुरूआत** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया सीखो-कमाओ योजना लॉन्च : योजना से रोजगार का मौका, संबोधन में कहा -

# मध्यप्रदेश के युवाओं में प्रतिभा और टेलेंट को पंख देने आया हूं

### स्वयं पंजीयन कराकर किया योजना का शुभारंभ, कौशल उन्नयन के लिए भोपाल सहित ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इंदौर में ग्लोबल स्किल पार्क आरंभ होंगे






**एजेंसी, भोपाल।** प्रदेश में मंगलवार से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू होने जा रहा है। इसके लिए राजधानी के रवींद्र भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर इस योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एक युवा का खुद पोर्टल पर कराया पंजीयन।

**युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए सतत प्रयत्नशील**

इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे बेटा-बेटियो, मेरे और आपके रिश्ते प्यार के रिश्ते है। आई लव यू। युवाओं को बेहतर भविष्य मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री और मैं भी लगा हूं। बेहतर शिक्षा कैसे मिले इसके प्रयास कर रहे हैं। सांसद रहते विदिशा के स्कूल में गया और बच्चों से पूछा गंगा कहा से निकलती है, बच्चों ने कहा कि गंगा विंध्याचल से निकली। गुरुजी से पूछा तो उन्होंने कहा 500 रुपये वेतन में गंगाजी विंध्याचल से निकलेगी। हमने शिक्षकों का वेतन बढ़ाया, शिक्षा बेहतर की। हमने लैपटाप दिए लेकिन जब मामा नहीं था, तो लैपटाप छिन गए थे। हम अब प्रथम आने पर बेटियों के साथ साथ बेटों को भी स्कूटी देंगे।

**स्वरोजगार में सरकार करेगी भरपूर मदद**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढाई में कोई बाधा नहीं आने दूंगा। पढ़ाई के बाद बड़ा विषय है रोजगार। मैं आज इसी पर बात करने आया हूं। हम एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती कर रहे हैं और यह भर्ती लगातार होगी। लेकिन सरकारी पद सीमित होते है इसलिए हमने उद्यम क्रांति योजना लाई है, स्वयं के उद्योग लगाओ, स्टार्टअप शुरू करो। सरकार भरपूर मदद करेगी।



**योग्यता अनुसार सभी को मिलेगा काम**

सीएम शिवराज ने कहा कि हम तेजी से मध्य प्रदेश की धरती पर निवेश ला रहे है। 15 लाख 42 हजार 550 करोड़ का निवेश लाने का कमिटमेंट हुआ है। निवेश ला रहे हैं। इसके लिए प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता बढ़ेगी। उसके लिए युवाओं को स्किल्ड भी किया जाएगा। कुछ लोग कहते हैं कि हम बेरोजगारी भत्ता देंगे, और इतने बैरियर लगा देते हैं कि भत्ता मिलता ही नहीं है। चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं पंख देती है, इसलिए बेटा-बेटियो, मैं आज तुम्हे पंख देने आया हूं। इसलिए हमने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना बनाई है। इसके लिए पोर्टल भी बन रहा है, पोर्टल पर उद्योग अपने यहां वेकेंसी भी बताएंगे, इन वेकेंसियों में बच्चों को रखेंगे। जिसकी जैसी योग्यता होगी, वैसा काम मिलेगा। ऐसे 700 काम है। यह कंपनी युवाओं को काम सिखाएगी। काम सीखने के दौरान आठ से 10 हजार रुपये भी दिए जाएंगे।

**जरूरत पड़ी तो योजना में करेंगे सुधार**

मुख्यमंत्री ने कहा, यह देश और दुनिया की अनूठी योजना है। आज यह योजना प्रारंभ कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो सुधार भी कर लेंगे। मैं उद्योगपतियों से आह्वान करता हूं कि आइए मप्र में निवेश करें, मध्य प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा है। हर एक प्रतिष्ठान को पूरी तरह से वेरिफाई करके ही जोड़ा जाएगा। मध्य प्रदेश के अंदर पंजीकृत संस्थान के अलावा अन्य राज्यों की कंपनियों में भी युवा काम सीख सकेंगे।

**युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में मध्य प्रदेश रचेगा इतिहास**

योजना की लांचिंग से पहले सीएम शिवराज ने प्रदेश के युवाओं के नाम अपने संदेश में कहा कि देश का अनूठा प्रयोग है मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना। आज का दिन मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। आज से प्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू हो रही है, जो युवाओं में नया उत्साह, आशा और विश्वास भरेगी। उद्योग, कंपनियां और सर्विस सेक्टर उत्साह के साथ इस योजना से जुड़ रहे हैं। स्किल्ड मैनपॉवर और युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में मध्यप्रदेश एक बार फिर नया इतिहास रचेगा। गौरतलब है कि सरकार ने युवाओं को कौशल विकास के साथ ही लर्न एंड अर्न की तर्ज पर आन जाब ट्रेनिंग की सुविधा के लिए योजना शुरू की है। इस योजना में युवाओं को उद्योगों के साथ सर्विस सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण दिलाते हुए स्टायपेड की व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में एक लाख युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल में प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड द्वारा स्टेट काउंसिल फार वोकेशनल ट्रेनिंग का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

**ये युवा हैं योजना के लिए पात्र**

- *मैं युवाओं के सपनों को किसी कीमत पर मरने नहीं दूंगा*
- *योजना से युवाओं को काम सीखने और रोजगार का मौका मिलेगा*
- *व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगी स्किल्ड मेन पावर*
- *शाला में कर्मी कल्चर को समाप्त कर नियमित शिक्षा की हो रही व्यवस्था*
- *इस वर्ष कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मिलेगी ई-स्कूटी*

**मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के लिए पात्रता**

- उम्र 18 से 29 साल होनी चाहिए।
- मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।
- 12वीं, ITI, डिप्लोमा, ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट।
- समग्र पोर्टल पर आधार E-Kyc जरूरी है।
- रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर और ई-मेल होना जरूरी।
- बैंक खाता आधार से लिंक और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर इनेबल्ड हो।

योजना में 18 से 29 वर्ष आयु तक के स्थानीय निवासी युवा पात्र हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आइटीआइ उत्तीर्ण या उससे उच्च होनी चाहिए। योग्यता के आधार पर स्टायपेंड दिया जाएगा। 12वीं या उससे कम को आठ हजार रुपये, आइटीआइ पास को साढ़े आठ हजार रुपये, डिप्लोमा पास को नौ हजार और स्नातक या उससे अधिक को 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**एमपी में 22 आईटीआई और 10 कॉलेज खुलेंगे**

मध्यप्रदेश में 22 नए सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 10 नए महाविद्यालय खोले जाएंगे। 4 महाविद्यालयों में नवीन संकाय, 7 में पोस्ट ग्रेजुएशन शुरू किया जाएगा। 589 पद इसके लिए स्वीकृत किए गए हैं। आईटीआई के लिए 418 अप्रेंटिसशिप और प्रशासकीय 242 पदों की स्वीकृति दी गई है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई है।

## संक्षिप्त खबरे

### अजित अगरकर टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर बने



**एजेंसी, मुंबई।** पूर्व तेज गेंदबाज अजित अगरकर टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन बने हैं। बीसीसीआई ने जारी एक मीडिया ब्रीफ में अगरकर के सिलेक्टर बनने का ऐलान किया, हालांकि बोर्ड ने अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाने की तैयारी पहले ही कर ली थी। 45 साल के पूर्व गेंदबाज ने पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा की जगह ली है। शर्मा को एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद हटाया गया था। जिसमें वे फिटनेस के लिए भारतीय क्रिकेटर्स के इंजेक्शन लेने का दावा करते हुए सुने गए थे। नई सिलेक्शन कमेटी में शिवसुंदर दास, सलिल अंकोला, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत शामिल हैं।

### भाजपा ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब और झारखंड में नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का किया ऐलान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा संगठन में फेरबदल की इसी प्रक्रिया के तहत मंगलवार को भाजपा आलाकमान ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब और झारखंड में नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डी. पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, वर्तमान केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को चुनावी राज्य तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस से भाजपा में आए सुनील जाखड़ को पंजाब प्रदेश की कमान सौंपी गई है तो वहीं झारखंड में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा आलाकमान ने इसी वर्ष होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर तेलंगाना में वर्तमान केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही राज्य के पूर्व मंत्री एतेला राजेंद्र को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी का चेयरमैन भी बनाया है।

## महाराष्ट्र : धुले में राजमार्ग पर बने होटल में घुसा ट्रक, 10 लोगों की मौत, 20 घायल

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार को एक कंटेनर ट्रक ने दो वाहनों को टक्कर मारी और फिर राजमार्ग पर बने एक होटल में जा घुसा जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी तथा 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा धुले जिले में मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पलासनेर गांव के समीप पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। उन्होंने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे जिसके बाद चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक ने दो मोटरसाइकिल, एक कार और एक अन्य कंटेनर को पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद ट्रक राजमार्ग पर एक बस स्टैंड के समीप बने एक होटल में जा घुसा और पलट गया। उन्होंने कहा, कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक मध्य प्रदेश से धुले की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में से कुछ लोग बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे थे।

## संविदाकर्मियों को नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन

### सीएम शिवराज ने की सालाना कॉन्ट्रैक्ट कल्चर खत्म करने की घोषणा, स्थायी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं भी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के भव्य भवन का निर्माण हो रहा है और इसकी नींव के पत्थर संविदा कर्मचारी हैं। इन्होंने नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर और कहीं-कहीं उनसे भी अधिक कार्य किया है। कई अवसर पर जान की बाजी लगाकर दायित्व निभाया और अद्भुत कार्य कर दिखाया। कोविड के दौर में भी संविदा कर्मचारियों ने नागरिकों की जिन्दगी बचाई, जिसे मध्यप्रदेश कभी भुला नहीं पाएगा। संविदा कर्मचारियों की क्षमताएँ, सेवाभाव और कार्यकुशलता किसी से कम नहीं है। इस नाते इनके जीवन की अनिश्चितता को समाप्त करना आवश्यक है। यदि आज मध्यप्रदेश नंबर-वन है तो इसके लिये विभागों में कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों ने आगे बढ़ कर कार्य किया है। ये मध्यप्रदेश के लिए दाएं-बाएं हाथ और दिल की तरह हैं। मुख्यमंत्री चौहान आज लाल परेड मैदान परिसर स्थित नेहरू स्टेडियम में संविदा कर्मचारियों के विशाल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**सीएम ने ये घोषणाएं भी कीं -**

- *संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन मिलेगा।*
- *नेशनल पेंशन स्कीम का लाभ सभी को दिया जाएगा।*
- *स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी मिलेगा।*
- *अनुकंपा नियुक्ति भी दी जाएगी।*
- *रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटि की व्यवस्था भी की जाएगी।*
- *नियमित पदों पर भर्ती में 50प्र. रिजर्वेशन संविदा कर्मचारियों के लिए किया जाएगा।*
- *नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश की पूरी सुविधा मिलेगी।*
- *नियमित कर्मचारियों की तरह महिला संविदा कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश दिया जाएगा।*
- *छुट्टियां सीएल, ईएल, ऐच्छिक अवकाश भी नियमित कर्मचारियों की तरह की जाएगी।*

**मानवता शर्मसार** सीधी में भाजपा नेता ने आदिवासी युवक के ऊपर किया पेशाब! -

## कांग्रेस ने घेरा, सीएम बोले- अपराधी पर लगाया जाएगा एनएसए

### आदिवासी युवक से घिघौने कृत्य की घटना सभ्य समाज पर कलंक, भाजपा के राज में बर्बरता की पराकाष्ठा- अजय सिंह



**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी में आदिवासी युवक पर भाजपा विधायक के कथित प्रतिनिधि द्वारा पेशाब करने के घिघौने कृत्य को भाजपा के राज में आदिवासियों पर बर्बरता की परकाष्ठा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों की मानसिकता ही आदिवासियों को दबाने और आतंकित करने की है। भाज पा राज में आदिवासियों को अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। वे आदिवासी समाज को अपमानित करके हमेशा अपने आपको सम्मानित महसूस करते हैं। यह घटना इसी प्रकार की मानसिकता का परिणाम है। इस घटना से सीधी में मानवता शर्मसार हुई है और यह सभ्य समाज पर कलंक है। सिंह ने कहा है कि इस प्रकार का कृत्य करने वाले और उनको बढ़ावा देने वाले सभी का पर्दा फाश होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह से मांग की है कि इस घिघौने कृत्य के दोषी पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन लोगों पर भी सख्त कार्यवाही की जाना चाहिए जो ऐसे लोगों को संरक्षण दे रहे हैं।

**एजेंसी, सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी से एक शर्मनाक करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कथित तौर पर बीजेपी नेता एक युवक के ऊपर पेशाब करते हुए नजर आ रहा है। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर बीजेपी पर निशाना साधा है। वहीं मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संज्ञान लेते हुए कहा कि आरोपी को किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे। अपराधी पर एनएसए भी लगाया जाएगा।




**क्या है वायरल वीडियो में?**

वायरल वीडियो में एक शख्स सिगरेट पीते हुए दुकान की सीढ़ी में बैठे युवक के ऊपर पेशाब करते हुए दिख रहा है। कांग्रेस का आरोप है पेशाब करने वाला शख्स बीजेपी नेता है। आरोपी का नाम प्रवेश शुक्ला है। जो बीजेपी एमएलए केदारनाथ शुक्ला का प्रतिनिधि है।

**बीजेपी पर भड़की कांग्रेस**

पूर्व मंत्री व कांग्रेस के सीनियर नेता अरुण यादव ने वीडियो के साथ ट्वीट करते हुए लिखा- भाजपा राज में आदिवासी भाइयों का कैसे सम्मान करते है नज़ारा देखिये। मुख्यमंत्री जी - गृहमंत्री जी आप दोनों ज़बानी जमा-खर्च तो खूब करते हो मगर कार्रवाई कुछ नहीं होती। अभी तक यह व्यक्ति गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ? पुलिस ने क्या इसीलिए गिरफ्तार नहीं किया कि यह एक विधायक प्रतिनिधि है? वहीं कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी बुजुर्ग पर पेशाब करने वाला आरोपी विधायक प्रतिनिधि है। उन्होंने मांग की है कि रोपी प्रवेश शुक्ला पर ST/SC एक्ट के तहत पुलिस कार्रवाई करे और घर पर बुलडोजर भी चले। कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष ने आरोपी को बीजेपी से बाहर करने की मांग की है।

## राज्य पुलिस सेवा के 14 अधिकारी अब आइपीएस बने, अधिसूचना जारी

**एजेंसी, भोपाल।** राज्य पुलिस सेवा के 14 अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) संवर्ग में पदोन्नत हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पदोन्नत अधिकारियों के संबंध में अधिसूचना सोमवार को जारी कर। बता दें कि दो वर्ष की रिक्तियों के लिए दो मई को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई थी। वर्ष 2021 की रिक्तियों के लिए आठ और 2022 की रिक्तियों के लिए छह अधिकारियों को आइपीएस के लिए पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत होने वाले अधिकारी राज्य पुलिस सेवा के वर्ष 1996 और 1997 बैच के हैं। कुल 16 पदों के लिए डीपीसी हुई थी। इनमें राजेश त्रिपाठी और अरुण मिश्रा का लिफाफा बंद रखा गया है। अरुण मिश्रा के विरुद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में जांच चल रही है। उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिल गई है। राजेश त्रिपाठी को गृह विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**ये अधिकारी पदोन्नत हुए**

मनीष खत्री, सुनील कुमार मेहता, वीरेंद्र जैन, देवेंद्र कुमार पाटीदार, राय सिंह नरवरिया, रामशरण प्रजापति, सुंदर सिंह कनेश और राजेश व्यास (2021 की रिक्तियों पर)। विनोद कुमार सिंह, पद्म विलोचन शुक्ला, सुधीर कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार पांडेय, अजय पांडेय और डा. संजय कुमार अग्रवाल (2022 की रिक्तियों पर)।